CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# BPSC 62वीं-71वीं

## अध्यायवार
# सामान्य अध्ययन
## हल प्रश्न पत्र

# प्रारंभिक परीक्षा



विगत 10 वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का अध्यायवार संकलन
अतिरिक्त तथ्यों के साथ विस्तृत व्याख्या सहित

# BPSC (62वीं-71वीं)

## अध्यायवार

# सामान्य अध्ययन

## हल प्रश्न पत्र

### प्रारंभिक परीक्षा

**विगत 10 वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का अध्यायवार संकलन,**
**अतिरिक्त तथ्यों के साथ विस्तृत व्याख्या**


**संपादक**
एन. एन. ओझा

**उत्तर प्रस्तुति**
क्रॉनिकल संपादकीय समूह



CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# अनुक्रमणिका


- ✪ **भारत का इतिहास ........................ 1-47**
  - **प्राचीन भारत ........................ 1**
    - स्रोत........................ 1
    - प्रागैतिहासिक........................ 1
    - सिंधु घाटी........................ 1
    - वैदिक काल........................ 3
    - महजानपद........................ 3
    - जैन धर्म........................ 3
    - बौद्ध धर्म........................ 4
    - मौर्य काल........................ 5
    - मौर्योतर काल ........................ 7
    - गुप्त काल........................ 7
    - गुप्तोतर काल ........................ 9
    - दक्षिण भारत के राजवंश (चोल, चेर, पाण्ड्य) .... 9
    - प्राचीन भारत की कला एवं संस्कृति........................ 10
    - भक्ति एवं सूफी आन्दोलन........................ 10
  - **मध्यकालीन भारत ........................ 11**
    - सल्तनत काल........................ 13
    - बहमनी साम्राज्य........................ 15
    - विजयनगर साम्राज्य ........................ 16
    - शेरशाह ........................ 16
    - मुगल साम्राज्य........................ 16
    - शिवाजी एवं मराठा शक्ति........................ 18
    - मध्यकालीन कला एवं संस्कृति........................ 19
  - **आधुनिक भारत ........................ 21**
    - ब्रिटिश विस्तार एवं नवीन राज्यों का उदय ........... 21
    - भारत में ब्रिटिश राज की आरंभिक संरचना.......... 22
    - ब्रिटिश राज का आर्थिक प्रभाव........................ 23
    - भारत का संवैधानिक विकास ........................ 24
    - सांस्कृतिक समागम एवं सामाजिक परिवर्तन.......... 26
    - महत्वपूर्ण गवर्नर जनरल एवं वायसराय........................ 27
    - सामाजिक आन्दोलन........................ 29
    - आदिवासी एवं किसान आन्दोलन........................ 32
    - 1857 का विरोध........................ 34
    - राष्ट्रीय चेतना का विकास ........................ 37
    - कांग्रेस की स्थापना........................ 41
    - क्रांतिकारी आन्दोलन ........................ 43
    - गाँधीवादी युग........................ 44
    - स्वतंत्रता आन्दोलन........................ 45
- ✪ **सामान्य विज्ञान ........................ 48-94**
  - **भौतिक विज्ञान ........................ 48**
  - **रसायन विज्ञान........................ 64**
  - **जीव विज्ञान........................ 82**
- ✪ **राजव्यवस्था ........................ 95-118**
  - **कार्यपालिका ........................ 95**
    - केंद्रीय कार्यपालिका (Central Executive)....... 95
    - राज्य कार्यपालिका (State Executive)............. 96
    - स्थायी कार्यपालिका ........................ 97
  - **विधायिका........................ 98**
    - लोकसभा........................ 98
    - राज्यसभा........................ 102
    - विधानसभा........................ 102
    - विधानपरिषद्........................ 102
  - **न्यायपालिका........................ 103**
    - उच्चतम न्यायालय........................ 103
    - जिला न्यायालय........................ 106
  - **संविधान के आधारभूत खंड ........................ 106**
    - संविधान का निर्माण........................ 106
    - संविधान की प्रमुख विशेषताएं........................ 107
    - संविधान संशोधन........................ 107
    - संघ एवं इसका क्षेत्र........................ 109
    - नागरिकता........................ 109
    - मूल अधिकार........................ 109
    - राज्य के नीति-निदेशक तत्व........................ 110
    - अनुसूचियां/अनुच्छेद ........................ 111
  - **अन्य महत्वपूर्ण शासन व्यवस्थाएं........................ 114**
    - केंद्र राज्य संबंध (विधायी, प्रशासनिक और वित्तीय)....114
    - स्थानीय स्वशासन: पंचायत और नगरपालिकाएँ ....... 114
- ✪ **भूगोल ........................119-141**
  - **भौतिक भूगोल........................ 119**
    - ब्रह्मांड (Universe)........................ 119
    - पृथ्वी की गतियां........................ 120
    - अक्षांश, देशान्तर, अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा व समय....120
    - पृथ्वी की उत्पत्ति व संकल्पनाएँ........................ 121
    - भारत एवं विश्व के भू-आकृतिक प्रदेश............ 121
    - अपवाह तंत्र ........................ 125

- ज्वालामुखी ........ 128
- महाद्वीप एवं प्रमुख महाद्वीपीय उच्चावच ........ 128
- वायुमंडल: संघटन व संरचना ........ 130
- विश्व के प्रमुख बायोम क्षेत्र ........ 130

◆ **आर्थिक भूगोल (Economic Geography) ........ 131**
- कृषि ........ 131
- भारत एवं विश्व के प्रमुख खनिज संसाधन ........ 134
- भारत एवं विश्व में परिवहन ........ 137

◆ **मानव भूगोल (Human Geography) ........ 138**
- भारत एवं विश्व की भौगोलिक स्थिति ........ 138
- जनसंख्या ........ 140

✪ **अर्थव्यवस्था ........ 142-161**

◆ **अवधारणा व विकास ........ 142**
- राष्ट्रीय आय एवं आर्थिक विकास ........ 142
- आर्थिक नियोजन एवं पंचवर्षीय योजनाएँ ........ 143
- राजकोषीय नीति, बजट एवं लोक वित्त ........ 144
- आर्थिक सुधार एवं अर्थव्यवस्था के प्रकार ........ 145
- विदेशी निवेश, व्यापार एवं विनिमय दर ........ 145
- सामाजिक विकास, निर्धनता एवं सूचकांक ........ 146

◆ **मुद्रा, बैंकिंग व वित्त ........ 146**
- मुद्रास्फीति, बैंकिंग एवं अन्य अवधारणाएं ........ 146
- भारतीय रिजर्व बैंक और मौद्रिक नीति ........ 147
- बैंकिंग संस्थान, सुधार और समितियाँ ........ 147
- मुद्रा, विनिमय और विदेशी मुद्रा भंडार ........ 147
- विदेशी निवेश और व्यापार ........ 148
- ग्रामीण विकास एवं कृषि ........ 148

◆ **उद्योग एवं व्यापार ........ 148**
- औद्योगिक नीतियां, अधिनियम एवं समितियां ........ 148
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ........ 151
- बजट एवं कराधान ........ 151
- विदेश व्यापार, वैश्वीकरण एवं भुगतान संतुलन ........ 151
- बैंकिंग, वित्त एवं भुगतान संतुलन ........ 153
- लोक वित्त, कराधान एवं राजकोषीय नीति ........ 153

◆ **कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र ........ 154**
- कृषि क्रांतियाँ ........ 154
- कृषि मूल्य, विपणन एवं सरकारी योजनाएँ ........ 154
- कृषि आंकड़े, उत्पादन एवं आर्थिक योगदान ........ 155

◆ **सामाजिक आर्थिक विकास ........ 155**
- निर्धनता एवं भुखमरी ........ 155
- ग्रामीण विकास एवं रोजगार योजनाएं ........ 155
- सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन ........ 157
- मानव विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य ........ 157
- उद्योग, निवेश एवं नियोजन ........ 158
- समितियां, रिपोर्ट एवं विविध ........ 159

◆ **संस्थान एवं संगठन ........ 160**
- राष्ट्रीय संस्थान, आयोग एवं समितियाँ ........ 160
- अंतरराष्ट्रीय संस्थान, संगठन एवं रिपोर्ट ........ 161

✪ **पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी ........ 162-166**

◆ **जैव विविधता ........ 162**
◆ **वन्य एवं अभ्यारण्य ........ 163**
◆ **प्रदूषण ........ 164**
◆ **जलवायु परिवर्तन ........ 165**
◆ **वन आवरण ........ 165**
◆ **रामसर स्थल ........ 166**
◆ **संस्थान एवं संगठन ........ 166**
◆ **भारत की प्राकृतिक वनस्पतियाँ ........ 166**
◆ **जलवायु प्रदेश ........ 166**

✪ **राज्य विशेष ........ 167-196**

◆ **इतिहास ........ 167**
◆ **कला एवं संस्कृति ........ 176**
◆ **भूगोल ........ 177**
◆ **कृषि ........ 186**
◆ **अर्थव्यवस्था ........ 186**
◆ **सामान्य परिचय ........ 193**


❖◆❖◆❖

## BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# भारत का इतिहास

## प्राचीन भारत

### स्रोत

**1. चीनी स्रोत के अनुसार, श्रीलंका के शासक मेघवर्मन ने गया में बौद्ध मंदिर बनाने की अनुमति के लिए निम्नलिखित में से किस गुप्त राजा के पास एक मिशनरी भेजा था?**

(a) चंद्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) इनमें से कोई नहीं

*69वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2023*

**उत्तर:(b),** चीनी स्रोत के अनुसार, श्रीलंका के शासक मेघवर्मन ने गया में एक बौद्ध मंदिर बनाने की अनुमति के लिए समुद्रगुप्त के पास एक मिशनरी भेजा था।

❖ इसकी अनुमति दे दी गई और मंदिर को एक विशाल मठवासी प्रतिष्ठान के रूप में विकसित किया गया।

### प्रागैतिहासिक

**1. भारतीय उपमहाद्वीप में लोहे का प्रयोग कब शुरू हुआ?**

(a) प्रायः 9000 वर्ष पूर्व
(b) प्रायः 12000 वर्ष पूर्व
(c) प्रायः 6000 वर्ष पूर्व
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2023*

**उत्तर:(e),** भारत में पुरातत्त्वविदों को लौह युग (1500 ईसा पूर्व से 500 ईसा पूर्व) में अधिकांश महापाषाण संस्कृतियों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, हालांकि कुछ साक्ष्यों से लौह युग पूर्व (2000 ईसा पूर्व) भी इनकी उपस्थिति के प्रमाण मिलते हैं। रेडियोकार्बन तिथियों के आधार पर भारत में लोहे की शुरुआत 750-700 ईसा पूर्व निर्धारित की गई है। दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश-झूंसी (इलाहाबाद), राजा नल का टीला (सोनभद्र) आदि के विभिन्न स्थलों से प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर लोहे की प्राचीनता 1500 ईसा पूर्व की है।

**2. प्रथम मानव जीवाश्म भारत की किस नदी घाटी से प्राप्त हुआ था?**

(a) गंगा घाटी (b) यमुना घाटी
(c) नर्मदा घाटी (d) ताप्ती घाटी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*66वीं बीपीएससी (री एक्जाम) प्रा. परीक्षा, 2020*

**उत्तर:(c),** प्रथम मानव जीवाश्म की प्राप्ति भारत में मध्य प्रदेश के नर्मदा घाटी से हुई है। नर्मदा घाटी को विश्व की सबसे प्राचीन घाटियों में से एक माना जाता है।

❖ यहां भीमबैठका, भेड़ाघाट, नेमावर, हरदा, ओंकारेश्वर, महेश्वर, होशंगाबाद, बावनगजा, अंगारेश्वर, शूलपाणी आदि नर्मदा तट के प्राचीन स्थल हैं।

❖ भीमबेटका (भीमबैठका) भारत के मध्य प्रदेश प्रांत के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है।

❖ यह आदिमानव द्वारा बनाए गए शैलचित्रें और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। इन चित्रें को पुरापाषाण काल से मध्यपाषाण काल के समय का माना जाता है।

❖ नर्मदा घाटी में डायनासोर के अंडे भी पाए गए हैं और यहां कई विशालकाय प्रजातियों के कंकाल भी मिले हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तो कई गुफाएं हैं। एक गुफा में 10 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र मिले हैं।

### सिंधु घाटी

**1. दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यता कौन-सी है?**

(a) सिंधु घाटी (b) चाइनीज
(c) इजिप्सियन (d) मेसापोटामिया (इराक)

*70वीं बीपीएससी (प्रा.) री-एक्जाम, 2024*

**उत्तर: (d),** दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता सुमेरियन सभ्यता है. इसे मेसोपोटामिया सभ्यता भी कहा जाता है।

❖ यह सभ्यता ईसा से 3500 साल पहले की मानी जाती है।

❖ वहीं, भारत की सबसे पुरानी सभ्यता सिंधु घाटी सभ्यता थी।

❖ इसे हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है।

**2. सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगर का नाम क्या है जिसका पश्चिमी एशिया से व्यापारिक सम्बन्ध था?**

(a) रोपर (b) लोथल
(c) कालीबंगा (कालीबंगन) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*70वीं बीपीएससी (प्रा.) री-एक्जाम, 2024*

**उत्तर: (b),** सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगरों में से, लोथल (Lothal) एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर था, जिसका पश्चिमी एशिया के साथ व्यापारिक संबंध था। लोथल साबरमती नदी और उसकी सहायक भोगवो नदी के बीच स्थित है।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# सामान्य विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**1. हम एक लकड़ी के बक्से पर 200 न्यूटन का बल लगाते हैं और उसे फर्श पर स्थिर वेग (constant velocity) से धकेलते हैं। सीमांत घर्षण बल (marginal friction force) क्या होगा?**

(a) 200 न्यूटन (b) 100 न्यूटन
(c) 300 न्यूटन (d) 400 न्यूटन

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (a),**

❖ स्थिर वेग पर 200 न्यूटन के बल के साथ लकड़ी के बक्से को धकेलते समय, गति का विरोध करने वाला सीमांत घर्षण बल भी 200 न्यूटन होगा, क्योंकि घर्षण बल लगाए गए बल को संतुलित करता है, ताकि स्थिर वेग बना रहे।

**2. एक ट्रक स्थिर अवस्था से एक पहाड़ी के नीचे नियत त्वरण (constant acceleration) के साथ चलना शुरू करता है। यह 20 सेकंड में 400 मीटर की दूरी तय करता है। यदि ट्रक का वजन 7 टन है, तो उस पर लगने वाला बल क्या होगा?**

(a) 12000 न्यूटन (b) 11000 न्यूटन
(c) 13000 न्यूटन (d) 14000 न्यूटन

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (b),**

❖ एक ट्रक जो पहाड़ी से नीचे उतरते हुए 20 सेकंड में 400 मीटर की दूरी तय करता है और जिसका वजन 7 टन है, उस पर लगने वाला बल लगभग 11,000 न्यूटन है (न्यूटन के दूसरे नियम का उपयोग करके द्रव्यमान और त्वरण से गणना की गई)।

**3. एक घर में खपत होने वाली ऊर्जा 250 यूनिट है। जूल (Joules) में कुल ऊर्जा कितनी होगी?**

(a) $8 \times 10^6$ (b) $9 \times 10^5$
(c) $9 \times 10^8$ (d) $10^5$

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (c),** घरों में खपत होने वाली ऊर्जा को अक्सर यूनिट (kWh) में मापा जाता है।

❖ 250 यूनिट लगभग $9\times 10^8$ जूल के बराबर होती है (किलोवाट-घंटे को जूल में बदलने पर), जो कुल विद्युत ऊर्जा उपयोग का प्रतिनिधित्व करती है।

**4. किस माध्यम में ध्वनि की गति अधिकतम होती है?**

(a) जल (b) स्टील
(c) वायु (d) हाइड्रोजन

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (b),** दिए गए माध्यमों में ध्वनि स्टील में सबसे तेजी से चलती है क्योंकि इसमें उच्च घनत्व और लोच (elasticity) होती है, जो कंपन के तेजी से संचरण की अनुमति देती है।

❖ ठोस पदार्थों (जैसे स्टील) में ध्वनि की गति तरल पदार्थों (जल) और गैसों (वायु, हाइड्रोजन) की तुलना में अधिक होती है।

**5. स्वतंत्र रूप से गिरते हुए पिंड की स्थितिज ऊर्जा (Potential energy) लगातार कम होती जाती है।**

(a) ऊर्जा संरक्षण के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं होता है
(b) ऊर्जा संरक्षण के सिद्धांत का उल्लंघन होता है
(c) गुरुत्वाकर्षण बल का उल्लंघन होता है
(d) गुरुत्वाकर्षण बल का उल्लंघन नहीं होता है

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (a),** स्वतंत्र रूप से गिरते हुए पिंड की स्थितिज ऊर्जा कम हो जाती है क्योंकि यह गतिज ऊर्जा (kinetic energy) में बदल जाती है।

❖ यह निरंतर कमी ऊर्जा संरक्षण के नियम का उल्लंघन नहीं करती है क्योंकि कुल ऊर्जा स्थिर रहती है, बस एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित होती है।

**6. बैलों की एक जोड़ी खेत जोतते समय 140 न्यूटन का बल लगाती है। जोता गया खेत 15 मीटर लंबा है। खेत की लंबाई जोतने में किया गया कार्य क्या है?**

(a) 2000 जूल (b) 1900 जूल
(c) 2100 जूल (d) 2200 जूल

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (c),** यदि बैल 15 मीटर लंबे खेत को जोतने के लिए 140 न्यूटन का बल लगाते हैं, तो किया गया कार्य (बल × दूरी) 2100 जूल है। यह कृषि गतिविधि में उपयोग की जाने वाली यांत्रिक ऊर्जा को दर्शाता है।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# भूगोल (Geography)

## भौतिक भूगोल

### ब्रह्मांड (Universe)

**1. निम्नलिखित में से किसकी कक्षा अत्यधिक लम्बी अण्डाकार है?**

(a) छोटा तारा (b) कोमेट
(c) उल्का पिंड (d) उल्का

*70वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2024*

**उत्तर:(b),** कोमेट की कक्षा अत्यधिक लंबी अंडाकार होती है।

- कोमेट आकाशीय पिंड हैं, जो मुख्य रूप से बर्फ, धूल और चट्टानी पदार्थ से बने होते हैं।
- वे सूर्य के चारों ओर अपनी अत्यधिक लम्बी अण्डाकार कक्षाओं के लिए जाने जाते हैं।
- इसका मतलब है कि उनके रास्ते फैले हुए हैं और गोलाकार नहीं हैं।
- इस लम्बी कक्षा के कारण, धूमकेतु अपना अधिकांश समय सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में सूर्य से दूर बनाकर बिताते हैं।
- हालांकि, जब वे अपनी कक्षा के दौरान सूर्य के पास पहुंचते हैं, तो गर्मी के कारण धूमकेतु में बर्फ वाष्पीकृत हो जाती है, जिससे एक चमकदार कोमा (गैस और धूल का एक बादल) और कभी-कभी एक दृश्यमान पूंछ बनती है जो सूर्य से दूर होती है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सी वैल्यू सोलर स्थिरांक का मान है?**

(a) 1.5 KW/m2 (b) 1.4 KW/m2
(c) 1.2 KW/m2 (d) 1.8 KW/m2

*70वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2024*

**उत्तर:(b),** सौर स्थिरांक पृथ्वी के वायुमंडल के याहरी किनारे पर प्रति इकाई क्षेत्र में प्राप्त सौर ऊर्जा की मात्रा है, जय पृथ्वी सूर्य से आसन दूरी पर होती है।

- इसका मान लगभग 1.4 $kW/m^2$ (या 1361 $W/m^2$) है।
- यह मान अंतरिक्ष में सूर्य की किरणों के लंवचन सतह तक पहुँचने वाले सीर विकिरण की नीव्रता को दर्शाता है. इससे पहले कि कोई वायुमंडलीयअवशोषण या विखराव हो।
- यह पृथ्वी के ऊर्जा संतुलन और जलवायु को समझने में एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है।

**3. चन्द्रमा की सतह पर कोई वातावरण नहीं है क्योंकि**

(a) वह पृथ्वी के नजदीक है
(b) गैस अणुओं का पलायन वेग उनमें वेग के मूल माध्य वर्ग से कम होता है
(c) वह पृथ्वी के चारों ओर भ्रमण करता है
(d) वह सूर्य से प्रकाश प्राप्त करता है

*70वीं बीपीएससी (प्रा.) री-एक्जाम*

**उत्तर:(b),** चंद्रमा पर वायुमंडल न होने का मुख्य कारण उसका कम गुरुत्वाकर्षण और पलायन वेग है, जिसकी वजह से गैस के अणु अंतरिक्ष में आसानी से निकल जाते हैं। चन्द्र तल से पलायन वेग का मान 2.4 किमी/सेकण्ड है। सभी गैसों से अणुओं का माध्य तापीय वेग 2.4 किमी/सेकण्ड से अधिक है।

- अतः गैसें चन्द्रमा पर न ठहरकर उसके वातावरण से पलायन कर जाती हैं। फलस्वरूप चन्द्रमा पर वायुमण्डल नहीं है।

**4. ब्रह्मांड में पल्सर क्या हैं?**

(a) तारों का एक समूह
(b) घूमते न्यूट्रॉन तारे
(c) किसी तारे का विस्फोट
(d) किसी तारे द्वारा उत्सर्जित रेडियो तरंगें

*69वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2023*

**उत्तर:(b),** पल्सर एक न्यूट्रॉन तारा होता है जो कणों और प्रकाश की किरण उत्सर्जित करता है,जब तारा घूमता है, तो उसकी किरण भी उसके साथ घूमती है।

- न्यूट्रॉन तारों के अवशेष अत्यंत घने होते हैं, जो विशाल तारों में सुपरनोवा के विस्फोट के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं।
- एक विशेष पल्सर तब देखा जा सकता है, जब इसकी पूर्णन धुरी पृथ्वी की ओर इंगित करती है और यह समय-समय पर विकिरण उत्सर्जित करता है।

**5. सौर मंडल का सबसे चमकदार ग्रह कौन-सा है?**

(a) पृथ्वी (b) यूरेनस
(c) नेप्च्यून (d) शुक्र
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*65वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा, 2019*

**उत्तर:(d),** शुक्र ग्रह सौर मंडल का सबसे चमकीला ग्रह है, यह सूर्य और चंद्रमा के बाद सबसे चमकीला दिखाई पड़ता है।

- शुक्र ग्रह सूर्य से निकटवर्ती दूसरा ग्रह है तथा इसे सांझ का तारा या भोर का तारा भी कहा जाता है।
- इसे पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है, क्योंकि इसका आकार और आकृति लगभग पृथ्वी के समान है। इसके वायुमंडल में 90 से 95 प्रति तक कार्बन डाइऑक्साइड उपस्थित है।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# अर्थव्यवस्था

## अवधारणा व विकास

### राष्ट्रीय आय एवं आर्थिक विकास

**1. आर्थिक विकास का सबसे अच्छा सूचकांक किसके द्वारा प्रदान किया जा सकता है?**

(a) मौजूदा कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि
(b) प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि
(c) बचत अनुपात में वृद्धि
(d) भुगतान शेष की स्थिति में सुधार
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*67वीं निरस्त प्रा. परीक्षा 2022*

**उत्तर: (b),** प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) विकास का सबसे अच्छा सूचकांक है। इसे किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद को उसकी जनसंख्या से विभाजित करके प्राप्त किया जा सकता है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सी एक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) गणना करने की विधि नहीं है?**

(a) उत्पाद विधि
(b) ह्रसमान लागत विधि
(c) आय विधि
(d) व्यय विधि
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*66वीं बीपीएससी (री एक्जाम), 2020*

**उत्तर: (b),** सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी की गणना करने हेतु उत्पाद विधि, आय विधि तथा व्यय विधि का उपयोग किया जाता है, परन्तु ह्रासमान लागत विधि का उपयोग नहीं किया जाता है।

- उत्पाद विधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के वार्षिक मूल्य की गणना की जाती है, जबकि व्यय विधि मांग पक्ष को दृष्टिगत रखती है।
- इस विधि में प्रत्येक फर्म द्वारा प्राप्त अंतिम व्ययों का योग प्राप्त किया जाता है, अंतिम व्यय, व्यय का वह अंश है, जिसे मध्यवर्ती उद्देश्यों से ग्रहण नहीं किया जाता है।
- आय विधि के अंतर्गत अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के विभिन्न उद्यमों या संगठनों के कर्मचारियों को दिया गया पारिश्रमिक या क्षतिपूरक आय, प्रचालन अधिशेष, मिश्रित आय को जोड़कर मूल्य वर्द्धन ज्ञात किया जाता है।

**3. भारत को 2024.25 तक $ 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जी.डी.पी. (GDP) की विकास दर लगातार कितनी होनी चाहिए?**

(a) 8: (b) 7:
(c) 6: (d) 9:
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*65वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा, 2019*

**उत्तर: (a),** भारत सरकार द्वारा अगले 5 वर्षों में अथवा वर्ष 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे प्राप्त करने के लिये भारत कोGDPके लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि दर की आवश्यकता होगी।

**4. हिन्दू वृद्धि दर किससे सम्बन्धित है?**

(a) मुद्रा (b) जी.डी.पी.
(c) जनसंख्या (d) जी.एन.पी.
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*65वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा, 2019*

**उत्तर: (b),** प्रोफेसर राजकृष्ण ने (1950-70) 1950 से 1970 के दशक तक भारत की निम्न आर्थिक वृद्धि के लिए 'हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ' शब्दावली का इस्तेमाल किया था। क्योंकि 1951-52 से 1979-80 तक देश की जीडीपी की विकास दर बेहद धीमी रही। इस अवधि में देश की औसत वार्षिक आर्थिक वृद्धि दर महज 3.5 प्रतिशत के आस-पास थी।

**5. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना में एक समस्या है**

(a) अल्प-रोजगार
(b) मुद्रास्फीति
(c) बचत का निम्न स्तर
(d) असंगठित क्षेत्र
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

*63वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा, 2018*

**उत्तर: (d),** भारत में राष्ट्रीय आय की गणना राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा की जाती है। असंगठित क्षेत्रें में कार्यरत श्रमिकों की संख्या अधिक होने के कारण लोगों के आय में काफी असमानता मिलती है। इसके अतिरिक्त इससे संबंधित उपयुक्त जानकारी के अभाव राष्ट्रीय आय की गणना को और जटिल बना देता है।

BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### जैव विविधता

**1. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थापित है?**

(a) असम (b) उत्तराखंड
(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (c),**

- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश में स्थापित है। यह अपने टाइगर रिजर्व और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें बारहसिंगा जैसी दुर्लभ प्रजातियां शामिल हैं।
- यह उद्यान 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत एक महत्वपूर्ण संरक्षण क्षेत्र है, जिसका उद्देश्य बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की रक्षा करना है।

**2. निम्नलिखित में से कौन सा बिहार का राजकीय पशु है?**

(a) बैल (b) गाय
(c) भैंस (d) घोड़ा

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (a),**

- बिहार का राजकीय पशु 'बैल' है। यह बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में शक्ति और कृषि महत्व का प्रतीक है।
- बैल पारंपरिक रूप से खेती के कार्यों का अभिन्न अंग रहे हैं, जो राज्य के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**3. जो प्रजातियां विलुप्त होने के खतरे में हैं, उन्हें किस रूप में जाना जाता है?**

(a) दुर्लभ (Rare) (b) संवेदनशील (Vulnerable)
(c) लुप्तप्राय (Endangered) (d) विलुप्त (Extinct)

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा*

**उत्तर: (c),**

- विलुप्त होने के खतरे वाली प्रजातियों को 'लुप्तप्राय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- वे आवास के नुकसान, शिकार या पर्यावरणीय परिवर्तनों जैसे खतरों के कारण अपने आवासों से गायब होने के उच्च जोखिम का सामना कर रही हैं, जिसके लिए तत्काल संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है, जिसमें ज्वारनदमुख, समुद्र तट, निकट-तटीय पर्यावरण के जंगल, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियां, नमक, दलदल और मैंग्रोव के साथ इक्कीस द्वीप शामिल हैं?**

(a) मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व
(b) नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व
(c) सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व
(d) नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व

*69वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2023*

**उत्तर:(a),** मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व (Gulf of Mannar Biosphere Reserve) है।

- यह भारत के तमिलनाडु तटपर स्थित है।
- यह भारत का पहला समुद्री बायोस्फीयर रिजर्व है।
- इसमें 21 द्वीप और उनके आसपास के प्रवालभित्तियां, समुद्रीघास, मैंग्रोव और तटीय पर्यावरण शामिल हैं, जो इसे अत्यंत समृद्ध जैवविविधतावाला क्षेत्र बनाते हैं।

**5. निम्नलिखितमेंसेकौन-सेराष्ट्रीयउद्यान/वन्यजीवअभ्यारण्यबिहारमेंहैं?**

1. वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान 2. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
3. गजनेर वन्यजीव अभयारण्य 4. भीम बांध वन्यजीव अभयारण्य

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर बुनिए:**

(a) 1 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

*69वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2023*

**उत्तर: (a),** वाल्मिकी टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान और वाल्मीकि वन्यजीव अभ्यारण्य गामिल हैं।

- यह बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में स्थित है। इसकी सीमा नेपाल के चितवन राष्ट्रीय उद्यान से लगती है। भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य बिहार के मुंगेर जिले के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।
- भीमबांध गंगा नदी के दक्षिण में, छोटा नागपुर पठार के उत्तरी किनारे पर और संथाल परगना के पश्चिम में स्थित है।
- दुधवा टाइगर रिजर्व, उत्तर प्रदेश में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और किशनपुर वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं। यह मुख्य रूप से लखीमपुर खीरी और बहराइच जिलों में फैला हुआ है। गजनेर वन्यजीव अभ्यारण्य राजस्थान के बीकानेर में स्थित है। अतः 1 और 4 सही हैं।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा 62-71वीं

# राज्य विशेष

## राज्य विशेष

### इतिहास

**1. बिहार में किसान सभा आंदोलन के प्रमुख नेता कौन थे?**

(a) सहजानंद सरस्वती (b) राज कुमार शुक्ल
(c) आचार्य नरेंद्र देव (d) बाबा राम चंद्र

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा 2025*

**उत्तर: (a),**

- सहजानंद सरस्वती बिहार के किसान सभा आंदोलन के प्रमुख नेता थे, जिन्होंने किसानों के अधिकारों, भूमि सुधारों और सामाजिक न्याय की वकालत की।
- उनके नेतृत्व ने शोषक जमींदारों और औपनिवेशिक नीतियों के खिलाफ ग्रामीण गरीबों को लामबंद किया।

**2. मार्च 1939 में बिहार के मुख्यमंत्री (तत्कालीन प्रधानमंत्री) कौन बने?**

(a) अनुग्रह नारायण सिंह (b) राजेंद्र प्रसाद
(c) श्री कृष्ण सिंह (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा 2025*

**उत्तर: (c),**

- श्री कृष्ण सिंह मार्च 1939 में बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनका नेतृत्व प्रांत के राजनीतिक सुधार और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण था।
- उन्हें भारत सरकार अधिनियम 1935 के बाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री के रूप में पहचान मिली।

**3. बिहार के निम्नलिखित समाचार पत्रों में से कौन सा सबसे पहले प्रकाशित हुआ था?**

(a) पटना हरकारा (b) बिहार बंधु
(c) अखबार-ए-बिहार (d) बिहार हेराल्ड

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा 2025*

**उत्तर: (b),**

- बिहार बंधु बिहार में प्रकाशित होने वाला पहला समाचार पत्र था। इसने 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में क्षेत्रीय पत्रकारिता और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**4. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित करें:**

| सूची I (घटना/संगठन) | सूची II (संबंधित व्यक्ति) |
|---|---|
| A) चंपारण सत्याग्रह | 1) जयप्रकाश नारायण |
| B) आजाद दस्ता | 2) श्याम नारायण सिंह |
| C) बिहार में व्यक्तिगत सत्याग्रह 1940 | 3) सहजानंद सरस्वती |
| D) किसान सभा बिहार | 4) डॉ. राजेंद्र प्रसाद |

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

(a) A-4, B-2, C-3, D-1 (b) A-2, B-4, C-1, D-3
(c) A-1, B-4, C-3, D-2 (d) A-4, B-1, C-2, D-3

*71th बीपीएससी (प्रा.) परीक्षा 2025*

**उत्तर: (d),**

- चंपारण सत्याग्रह डॉ. राजेंद्र प्रसाद से जुड़ा है, आजाद दस्ता जयप्रकाश नारायण से, बिहार में व्यक्तिगत सत्याग्रह श्याम नारायण सिंह (या श्रीकृष्ण सिंह विकल्प अनुसार) और किसान सभा सहजानंद सरस्वती से जुड़ी है।

**5. बिहार में प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक समाचार पत्र था।**

(a) क्षत्रिय समाचार (b) उद्योग
(c) सर्व हितैषी (d) चैतन्य चन्द्रिका

*70वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2024*

**उत्तर: (c),** बिहार में प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी दैनिक सर्व हितैषी था, जिसका प्रकाशन 1890 में पटना से शुरू हुआ था।

- प्रदीप यह पटना से प्रकाशित होने वाला हिन्दी अखबार था। यह 1947 में शुरू हुआ था। 1970 के दशक की शुरुआत में भ्रष्टाचार विरोधी जेपी आंदोलन के दौरान यह खबरों का सबसे लोकप्रिय स्रोत था।
- सर्चलाइट की शुरुआत डॉ. सचिदानंद सिन्हा ने वर्तमान बिहार के पटना जिले से की थी।
- यह इस क्षेत्र का पहला अंग्रेजी अखबार था। सर्चलाइट के पहले संपादक मुरली मनोहर प्रसाद थे।

**6. अंग्रेजी नीतियों की आलोचक कृति गरीब हिन्दुस्तान जिसे बिहार में 1930 में अंग्रेजों ने प्रतिबंधित किया, के लेखक थे।**

(a) अली मोहम्मद शाद (b) मोहम्मद वली हसन
(c) बदरुल (d) शेख मियां जान

*70वीं बीपीएससी प्रा. परीक्षा 2024*